डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या(उ0प्र0)

DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY,AYODHYA(U.P.)

पत्रांक संख्याःलो0अ0वि0/शैक्ष0/ 818। /2025 दिनांकः 23-01 –2025

प्रेषकः

उप कुलसचिव (शैक्षणिक),
डॉ0रा0लो0अ0वि0वि0, अयोध्या।

प्रापकः

श्री/श्रीमती/कु0/कुमारी उमेश कुमार सिंह
पुत्र/पुत्री श्री अम्बिका सिंह

विषयः शोध कार्य हेतु शोध निर्देशक आवंटन पत्र।

अर्थशास्त्र .विषय में पीएच0–डी0 उपाधि हेतु शोध कार्य के लिये आप द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में शोध उपाधि समिति (आर0डी0सी0)/विषय संयोजक की बैठक दिनॉक–**23.10.2024** की संस्तुति एवं कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त निम्नानुसार शोध निर्देशक नामित किया जाता है।

शोध निर्देशक का नामः प्रो0/डॉ0 सुनीत कुमार सिंह, रामनगर पी0जी0 कालेज, बाराबंकी

शोध उपाधि समिति की अनुशंसा के आलोक में निम्नलिखित निर्देशों को शोधार्थी अनिवार्य रूप से समयान्तर्गत पालन करें, ताकि तत्संबंधी अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

1. पूर्णकालिक शोध कार्य हेतु पंजीकरण शुल्क रू0 3,000/– तथा अंशकालिक शोध कार्य हेतु एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों में शोध कार्य हेतु पंजीकरण शुल्क रू0 10,000/– विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट www.rmlau.ac.in पर यथा–स्थान उपलब्ध लिंक के माध्यम से पत्र निर्गतीकरण की तिथि से 02 माह के अन्दर अनिवार्य रूप से आनलाइन जमा करना होगा। तत्पश्चात् विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाईट पर पीएच0–डी0 शोध पंजीकरण हेतु उपलब्ध आवेदन–पत्र को डाउनलोड/प्रिन्ट करने के उपरान्त आवेदन–पत्र को पूरित करते हुए आंवटित शोध निर्देशक, विभागाध्यक्ष/प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित एवं मुहर सहित, समस्त शैक्षिक अभिलेखों, आधारकार्ड तथा सेवारत होने की दशा में अनापत्ति प्रमाण–पत्र आदि संलग्न करते हुए पत्रावली कुलसचिव कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि में पंजीकरण शुल्क जमा नहीं किया जाता है, तो शोध कार्य करने में आपकी अनिच्छा मानते हुए अभ्यर्थन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।
2. शोधार्थी द्वारा यदि नामांकन संख्या की अनुपलब्धता के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय शपथ पत्र (नोटरी) दिया गया है, तो पंजीकरण शुल्क जमा करने के पूर्व अनिवार्यतः नामांकन संख्या प्राप्त कर शैक्षणिक विभाग को उपलब्ध करायें।
3. पूर्णकालिक शोधार्थियों (Full Time) शोध प्रबन्ध जमा करने की न्यूनतम अवधि 36 माह अर्थात तीन वर्ष होगी, जिसमें 06 माह कोर्सवर्क की अवधि भी सम्मिलित होगी एवं सामान्य परिस्थितियों में अधिकतम अवधि 72 माह (06 वर्ष) होगी। शोध प्रबन्ध जमा किये जाने हेतु निर्धारित समयावधि का आगणन शोध पंजीकरण तिथि (पंजीकरण शुल्क जमा करने की तिथि) से किया जायेगा।
4. अंशकालिक शोधार्थियों (Part Time) एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शोधार्थियों हेतु शोध प्रबन्ध जमा करने की न्यूनतम अवधि 36 माह अर्थात तीन वर्ष होगी, जिसमें 06 माह कोर्सवर्क की अवधि भी सम्मिलित होगी एवं सामान्य परिस्थितियों में अधिकतम अवधि (08 वर्ष) होगी।
5. पूर्णकालिक शोधार्थियों (Full Time) हेतु शोध पंजीकरण शुल्क रू0 3,000/– एवं प्रत्येक छमाही के उपरान्त शोध निर्देशक द्वारा अग्रसारित हस्ताक्षरित एवं मुहर सहित विस्तृत शोध प्रगति आख्या के साथ रू0 5,000/– सेमेस्टर (छमाही) शुल्क (कुल 04 छमाही, 06–06 माह के अन्तराल पर) तथा शोध प्रबन्ध जमा करते समय रू0 20,000/– जमा करना अनिवार्य होगा।
6. अंशकालिक शोधार्थियों (Part Time) एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शोधार्थियों हेतु शोध पंजीकरण शुल्क रू0 10,000/– एवं प्रत्येक छमाही के उपरान्त शोध निर्देशक द्वारा अग्रसारित हस्ताक्षरित एवं मुहर सहित विस्तृत शोध प्रगति आख्या के साथ रू0 15,000/– सेमेस्टर (छमाही) शुल्क (कुल 04 छमाही, 06–06 माह के अन्तराल पर) तथा शोध प्रबन्ध जमा करते समय रू0 25,000/– जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त शुल्क विश्वविद्यालय की अधिकृत बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन जमा करते हुए शुल्क रसीद एवं प्रत्येक प्रगति आख्या के साथ कुलसचिव कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
7. आपका शोध पंजीकरण विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संगत विनियम में विहित प्रावधानों के अन्तर्गत डॉ0 राम म
8. नोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय **पी–एच0डी0 अध्यादेश, 2021** के अनुसार होगा।

उप–कुलसचिव
शैक्षणिक

पृष्ठांकन व दिनॉकः उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. **शोध निर्देशक प्रो0/डॉ0 सुनीत कुमार सिंह, रामनगर पी0जी0 कालेज, बाराबंकी**
2. प्रोग्रामर ई0डी0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि इस पत्र को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
3. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. पटल /गार्ड फाईल।

20.1.25

उप–कुलसचिव
शैक्षणिक